# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2025-26

## राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच

### जिला मण्डी, हि. प्र.

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद और राज्य स्तरीय स्व- मूल्यांकन रिपोर्ट
से अलंकृत मान्यता प्राप्त संस्थान

## 16वाँ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

मुख्यातिथि:

## प्रो.अनुपमा सिंह जी

(पूर्व कुलपति, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी)

प्रस्तुतकर्ता:

जया ठाकुर,
प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)
जिला मण्डी हि. प्र.

# अनुक्रमणिका


| क्रमांक संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | स्वागत संबोधन | 1 |
| 2 | वर्गानुसार छात्र संख्या | 2 |
| 3 | वार्षिक परीक्षा परिणाम | 2 |
| 4 | छात्रवृतियां | 3 |
| 5 | स्टॉफ सदस्यों का विवरण | 3-4 |
| 6 | पद ग्रहण | 4 |
| 7 | पदोन्नति | 5 |
| 8 | स्थानान्तरण | 5 |
| 9 | सेवानिवृतियाँ | 5 |
| 10 | रिक्तियां एवं नियुक्तियां | 6 |
| 11 | अध्यापक अभिवावक संघ | 7 |
| 12 | पूर्व छात्र संघ | 7 |
| 13 | केन्द्रीय छात्र संघ | 7-8 |
| 14 | पुस्तकालय | 8 |
| 15 | पत्रिका | 8 |
| 16 | क्लब एंड सोसाइटी | 9-13 |
| 17 | शैक्षणिक गतिविधियां | 13-14 |
| 18 | खेल कूद प्रतियोगिता | 14-15 |
| 19 | सांस्कृतिक गतिविधियां | 15-16 |
| 20 | शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां | 16-18 |
| 21 | चुनौतियां | 18-19 |
| 22 | भविष्य की संभावनाएँ और उद्देश्य | 19 |
| 23 | आभार | 20 |

# स्वागत सम्बोधन

**ॐ असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय।**

देवभूमि हिमाचल की सुरम्य वादियों में स्थित, विद्या के इस पावन प्रांगण राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) के गरिमामयी 16वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की मुख्यातिथि प्रो. अनुपमा सिंह जी (पूर्व कुलपति, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी) यहाँ उपस्थित सभी प्रबुद्ध मनीषियों, गणमान्य अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी गण, सम्मानित अभिभावक-शिक्षक संघ के पदाधिकारी, पूर्व छात्र संघ, केन्द्रीय छात्र परिषद् के सदस्य, मीडिया प्रभारी एवं मेरे प्यारे मेधावी विद्यार्थियों आप सभी का मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन प्रकट करती हूँ।

विद्या के इस पावन प्रांगण में आज का यह सूर्योदय हमारे लिए मात्र एक तिथि नहीं, अपितु उन स्वप्नों के साकार होने का उत्सव है जिन्हें हमारे विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष अपने परिश्रम से सींचा है। इस उत्सव की आभा को द्विगुणित करने के लिए आज हमारे मध्य एक ऐसी विभूति विराजमान हैं, जिनका जीवन स्वयं में ज्ञान, शुचिता और निःस्वार्थ सेवा का जीवंत उदाहरण है।

माननीया महोदया, कुलपति जैसे गुरुतर दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के पश्चात, आपने विश्राम को नहीं अपितु 'लोक-सेवा' के पुनीत पथ का चयन किया। मई माह में अपना प्रतिष्ठित कार्यकाल पूर्ण करने के उपरांत, जिस प्रकार आपने उच्च शिक्षा के प्रासादों से निकलकर NH003 क्षेत्र के जन-सरोकारों से स्वयं को संबद्ध किया है, वह हम सभी के लिए एक विरल और प्रेरणादायी दृष्टांत है। आपका यह संकल्प—स्वयं सहायता समूहों, महिला सशक्तिकरण और युवा शक्ति को दिशा प्रदान करने हेतु-इस बात का द्योतक है कि आपकी दृष्टि केवल 'अक्षर ज्ञान' तक ही सीमित नहीं, अपितु 'समग्र राष्ट्र-निर्माण' और 'लोक-मंगल' के प्रति पूर्णतः समर्पित है।

मैं पुनः समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से आज की मुख्य अतिथि, शिक्षाविद् एवं लोक-कल्याण की साधिका, माननीया प्रो.अनुपमा सिंह जी (पूर्व कुलपति, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी) का हृदय की अतल गहराइयों से, शब्द-सुमनों द्वारा हार्दिक अभिनंदन एवं वंदन करती हूँ।

मान्यवर, यह पारितोषिक वितरण समारोह उस 'स्वर्ण अवसर' का प्रतीक है, जिसमें हम अपने विद्यार्थियों के वर्ष भर के पुरुषार्थ, शैक्षणिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक प्रतिभा का विधिवत् सम्मान करते हैं। आप जैसे गंभीर विचारक, अनुशासित प्रशासक और संवेदनशील समाजसेवी के कर-कमलों से पुरस्कार प्राप्त करना, हमारे इन होनहार छात्रों के जीवन की अमूल्य निधि और चिरस्थायी स्मृतियों में अंकित हो जाएगा। 'विकसित भारत 2047' की राष्ट्रीय परिकल्पना को सिद्ध करने हेतु, युवाओं को नशे जैसी सामाजिक व्याधियों से मुक्त कर उन्हें खेल, अनुशासन और चरित्र-निर्माण की ओर अग्रसर करने का जो पावन संदेश आप प्रेषित कर रही हैं, वही वर्तमान समय की सबसे बड़ी महती आवश्यकता है।

किसी भी संस्थान का इतिहास उसके वर्तमान की आधारशिला होता है। वर्ष 2007 में शिक्षा के इस पावन दीप के प्रज्वलित होने के साथ ही, सराज की दुर्गम पहाड़ियों के बीच ज्ञान का एक नया सूर्योदय हुआ था। समय के साथ यह दीप प्रखर होता गया—जुलाई 2016 में वाणिज्य संकाय के आगमन और 2018 में विज्ञान संकाय के शुभारंभ ने इस विद्या-मंदिर की मेधा को नए आयाम दिए। वर्तमान में 403 मेधावी विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं, जिनमें कला संकाय के 382, वाणिज्य के 13 और विज्ञान संकाय के 08 विद्यार्थियों का समावेश है।

हिमालय की उत्तुंग श्रेणियों के मध्य, लगभग 2150 मीटर की अलौकिक ऊँचाई पर स्थित हमारा यह महाविद्यालय, प्रकृति के असीम सौंदर्य और पौराणिक मर्यादाओं का साक्षी है। जहाँ बाखली और चेतली खड्डों का पावन संगम वातावरण को संगीतपूर्ण बनाता है, वहीं सराज की यह पावन भूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से भी ओत-प्रोत है।

हमारी गौरवशाली परंपराओं का उल्लेख करते हुए मैं यह कहना चाहूँगी कि—जहाँ एक ओर शिकारी देवी की ऊँचाइयाँ हमें लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निरंतर शिखर छूने की प्रेरणा देती हैं, वहीं तुंगासी महादेव की कृपा स्थली और शैटाधार की आध्यात्मिक गरिमा हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने तथा निस्वार्थ सेवा का पावन मार्ग दिखाती हैं। ये पवित्र स्थान न केवल हमारी आस्था के केंद्र हैं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण में एक मूक मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाते हैं।

यह संस्थान जंजैहली, थुनाग, चियुणी, बागा-चनौगी और बगस्याड जैसे सुदूर अंचलों के लिए केवल एक भवन नहीं, अपितु 'ज्ञान का एक सुलभ सेतु' है। अपनी शैक्षणिक निष्ठा के कारण वर्ष 2021 में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हमें 'उत्कृष्ट महाविद्यालय' की उपाधि से अलंकृत किया गया है। NAAC की ग्रेड प्रणाली की मान्यता हमारे संस्थान की गुणवत्ता और अकादमिक अनुशासन का प्रमाण है।

हमारा ध्येय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। हम एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स एंड रेंजर्स, इको क्लब सड़क सुरक्षा क्लब और रेड रिबन क्लब के माध्यम से अपने विद्यार्थियों में न केवल राष्ट्रीय चेतना का संचार कर रहे हैं, बल्कि उन्हें ग्रामीण परिवेश की मौलिकता को समझते हुए 'नवाचार' (Innovation) के नए क्षितिज छूने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।
आज महाविद्यालय से शिक्षित हमारे विद्यार्थी समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में जाकर राष्ट्र-निर्माण के संकल्प को नई ऊँचाइयां दे रहे हैं। यह संस्थान केवल डिग्रियाँ नहीं देता, अपितु भविष्य के सजग और उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करता है।
मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की पिछले वर्ष की विशेष उपलब्धियों और हमारे विद्यार्थियों के पुरुषार्थ का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना चाहती हूँ।

# वर्गानुसार छात्र

वर्ष 2007 में जहां इस महाविद्यालय में 40 के करीब छात्रों ने प्रवेश लिया, वहीं यह संख्या इस सत्र में 403 है I महाविद्यालय में शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भरसक प्रयास किया है I इस शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में 403 छात्र- छात्राओं ने प्रवेश लिया I इनमे 254 छात्राएं तथा 149 छात्र हैं I जिनका विवरण निम्नलिखित है :

| कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित वर्ग | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल |
| बी० ए० प्रथम वर्ष | 62 | 23 | **85** | 38 | 32 | **70** | 3 | 3 | **6** | 103 | 58 | **161** |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 2 | 3 | **5** | 2 | 2 | **4** | 0 | 0 | **0** | 4 | 5 | **9** |
| बी.एस.सी प्रथम वर्ष | 0 | 1 | **1** | 1 | 0 | **1** | 0 | 0 | **0** | 1 | 1 | **2** |
| बी० ए० द्वितीय वर्ष | 36 | 21 | **57** | 20 | 19 | **39** | 5 | 1 | **6** | 61 | 41 | **102** |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 1 | 1 | **2** | 2 | 0 | **2** | 0 | 0 | **0** | 3 | 1 | **4** |
| बी.एस.सी द्वितीय वर्ष | 2 | 0 | **2** | 1 | 0 | **1** | 0 | 0 | **0** | 3 | 0 | **3** |
| बी० ए० तृतीय वर्ष | 43 | 19 | **62** | 31 | 23 | **54** | 2 | 1 | **3** | 76 | 43 | **119** |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | **0** |
| बी.एस.सी तृतीय वर्ष | 0 | 0 | **0** | 3 | 0 | **3** | 0 | 0 | **0** | 3 | 0 | **3** |
| कुल | **146** | **68** | **214** | **98** | **76** | **174** | **10** | **5** | **15** | **254** | **149** | **403** |

# वार्षिक परीक्षा परिणाम

किसी भी शिक्षा संस्थान के स्तर की कसौटी को जांचने के लिए उसके परीक्षा परिणाम का बेहतर रहना अनिवार्य होता है I वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा यू. जी. सी (सी. बी. सी. एस.) रूसा पद्धति को अपनाया गया है I राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ग्रेड सिस्टम को अपनाया गया है I इसमें पहले रोल ऑन पद्धति के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाता था I इस प्रणाली में सत्र 2016 से वार्षिक परीक्षा पद्धति को अपनाया गया, जिसमें छात्रों को उत्तीर्ण-अनुत्तीर्ण करके परिणाम दिया गया I वर्ष 2025 में बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी प्रथम, बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी द्वितीय और बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे परीक्षा का परिणाम निम्नवत रहा :

| | कुल | उत्तीर्ण | अनुपूरक | अनुत्तीर्ण |
|---|---|---|---|---|
| बी० ए० प्रथम वर्ष | 111 | 64 | 31 | 16 |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 04 | 03 | 01 | - |
| बी.एस.सी प्रथम वर्ष | 02 | - | 02 | - |
| बी० ए० द्वितीय वर्ष | 129 | 68 | 54 | 07 |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | - | - | - | - |
| बी.एस.सी द्वितीय वर्ष | 03 | 02 | 01 | - |
| बी० ए० तृतीय वर्ष | 137 | 130 | 05 | 01 |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 04 | 3 | 01 | - |
| बी.एस.सी तृतीय वर्ष | 08 | 08 | - | - |

# छात्रवृतियां

महाविद्यालय में छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी है, जो अधिकांश छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है I यह छात्रों को शैक्षणिक खर्चों को संभालने में मदद करती है और उन्हें अध्ययन के प्रति अधिक समर्थ बनाती है I उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की योग्यता को बढाने के लिए ऑन लाइन छात्रवृति प्रदान की जा रही है जिसमें वर्ष 2025-26 में महाविद्यालय के 59 छात्रों ने आवेदन किया है I जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

| वर्ग | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | **छात्राएं** | **छात्र** | **कुल** |
| **अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए केंद्र प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** | - | - | - | 16 | 4 | **20** | - | - | - | **16** | **4** | **20** |
| **ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए पीएम यशस्वी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति** | 2 | - | **2** | - | - | - | 2 | - | **2** | **4** | - | **4** |
| **कल्पना चावला छात्रवृति योजना** | 4 | - | **4** | 3 | - | **3** | 1 | - | **1** | **8** | - | **8** |
| **कॉलेज और विश्वविद्यालय छात्रों के लिए केन्द्रीय छात्रवृति योजना** | 8 | 4 | **12** | 8 | 5 | **13** | 1 | 1 | **2** | **17** | **10** | **27** |
| **कुल** | **14** | **4** | **18** | **27** | **09** | **36** | **04** | **01** | **05** | **59** | **14** | **73** |

# स्टाफ सदस्यों का विवरण

**शिक्षण स्टॉफ:**

| | | |
|---|---|---|
| ➢ | **श्रीमती जया कुमारी** | **प्राचार्य** |
| ➢ | श्री रमेश चंद कटारिया | सह आचार्य (जन्तु विज्ञान) |
| ➢ | डॉ. राजिंदर सिंह तोमर | सहायक आचार्य (संगीत-गायन) |
| ➢ | डॉ. दलीप सिंह | सहायक आचार्य (भौतिक विज्ञान) |
| ➢ | श्री कुशाल सिंह | सहायक आचार्य (हिंदी) |
| ➢ | श्री ओंकार शरण वरेश्वर सिंह | सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान ) |
| ➢ | श्री बोध राज | सहायक आचार्य (वाणिज्य) |
| ➢ | श्रीमती अमिता | सहायक आचार्या (अर्थशास्त्र) |
| ➢ | डॉ. नवल किशोर | सहायक आचार्य (संस्कृत ) |
| ➢ | डॉ० यामिनी शर्मा | सहायक आचार्या (समाजशास्त्र ) |
| ➢ | डॉ. एल्लू राम | सहायक आचार्य (वनस्पति विज्ञान ) |

**गैर-शिक्षण स्टॉफ :**

| | | |
|---|---|---|
| ➢ | **श्री परवीन कुमार शर्मा** | **अधीक्षक ग्रेड - I** |
| ➢ | श्री जगदीश कुमार | वरिष्ठ कार्यालय सहायक |
| ➢ | श्री विजय कुमार | कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) |
| ➢ | श्री कृष्ण कुमार | लिपिक |
| ➢ | श्री चमन लाल | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| ➢ | श्री राकेश कुमार | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| ➢ | श्री रमेश कुमार | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| ➢ | श्रीमती रुमा देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| ➢ | श्री जय सिंह | प्रयोगशाला परिचर |
| ➢ | श्री कमलेश कुमार | प्रयोगशाला परिचर |
| ➢ | श्री दुनी चंद | प्रयोगशाला परिचर |
| ➢ | श्री हेम राज | प्रयोगशाला परिचर |
| ➢ | श्री लाल सिंह | सेवादार |
| ➢ | श्रीमती भामा देवी | सेवादार |
| ➢ | श्रीमती लीला देवी | सेवादार |
| ➢ | श्रीमती तारा देवी | सेवादार |
| ➢ | श्रीमती चंद्रा कुमारी | सेवादार |
| **पी० टी० ए० स्टाफ :** | | |
| ➢ | श्री चितरंजन कुमार | कंप्यूटर ऑपरेटर |
| ➢ | श्रीमती प्राकमु देवी | सफाई कर्मचारी |

## पदग्रहण

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों ने पद ग्रहण किया :

- ➢ श्रीमती चंद्रा कुमारी रा०व0मा0पा0 थुनाग तहसील थुनाग जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 19 मई, 2025 को सेवादार का पद ग्रहण किया।
- ➢ श्री परवीन कुमार शर्मा, अधीक्षक ग्रेड-II के पद से पदोन्नत होकर राजकीय महाविद्यालय सैंज जिला कुल्लू से स्थानांतरित होकर 03 जनवरी, 2026 को अधीक्षक ग्रेड-I (राजपत्रित) का पद ग्रहण किया I
- ➢ श्री कृष्ण कुमार, लिपिक रा०व0मा0पा0 जन्जैहली जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 30 जनवरी, 2026 को लिपिक का पद ग्रहण किया।
- ➢ श्री हेम राज रा०व0मा0पा0 जन्जैहली जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 12 फ़रवरी, 2026 को प्रयोगशाला परिचर का पद ग्रहण किया।
- ➢ श्रीमती जया कुमारी, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय छतरी जिला मंडी हि०प्र० से स्थानांतरित होकर 26 फरवरी, 2026 को प्राचार्या का पद ग्रहण किया I
- ➢ श्री कमलेश कुमार रा०व0मा0पा0 थुनाग जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 09 मार्च, 2026 को प्रयोगशाला परिचर का पद ग्रहण किया।

## पदोन्नति

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में गत वर्ष निम्नलिखित सदस्य पदोन्नत हुए :

- श्रीमती जया कुमारी, सह-आचार्या इतिहास के पद से पदोन्नत होकर 16-12-2025 को प्राचार्या के पद पर पदोन्नत हुई।
- श्री परवीन कुमार शर्मा, अधीक्षक ग्रेड-II के पद से पदोन्नत होकर 03 जनवरी, 2026 को अधीक्षक ग्रेड-I (राजपत्रित) के पद पर पदोन्नत हुए I
- श्री देवकी नंदन, कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक के पद से पदोन्नत होकर वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक के पद पद पर पदोन्नत हुए I

## स्थानान्तरण

सरकारी नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है I इसके अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) से गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों का स्थानान्तरण हुआ :

- श्रीमती मीरा देवी (सेवादार) का स्थानांतरण 17 मई, 2025 को रा० व0 मा0 पा0 थुनाग तहसील थुनाग जिला मंडी को हुआ।
- श्री मणी चंद, लिपिक का स्थानांतरण 23 जुलाई, 2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी हि०प्र० को हुआ।
- श्री विक्रम सिंह ठाकुर, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सराज स्थित लम्बाथाच का स्थानांतरण 14 नवम्बर, 2025 को राजकीय महाविद्यालय बडसर जिला हमीरपुर हि०प्र० को हुआ।
- श्रीमती जया कुमारी, सह-आचार्या इतिहास के पद से पदोन्नत व स्थानातंरण 16 दिसम्बर, 2025 को प्राचार्या के पद पर राजकीय महाविद्यालय छतरी जिला मंडी हि०प्र० को हुआ I
- श्री गंगा राम, प्रयोगशाला परिचर का स्थानांतरण 13 अगस्त , 2025 को प्रतिनियुक्ति आधार पर तथा 03 फरवरी, 2026 को सथाई रूप से राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी हि०प्र० को हुआ।
- श्रीमती शकुन्तला देवी, प्रयोगशाला परिचर का स्थानांतरण 13 फरवरी, 2026 को रा० व0 मा0 पा0 जन्तजैहली जिला मंडी को हुआ।
- श्री देवकी नंदन, कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक के पद से पदोन्नत 28 फरवरी, 2026 को वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक के पद पर राजकीय महाविद्यालय पालमपुर जिला काँगड़ा हि०प्र० को हुआ I

## सेवानिवृतियां

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) से गत वर्ष में श्री कश्मीर सिंह, अधीक्षक ग्रेड-I 30 अगस्त 2025 को इस महाविद्यालय से अपनी सरकारी सेवाओं में 58 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत हुए।

# रिक्तियां एवं नियुक्तियाँ

महाविद्यालय में प्राचार्य का 1 पद, प्राध्यापकों के 18 पद स्वीकृत हैं I इन में से 11 पद कला संकाय, 5 पद विज्ञान संकाय व 2 पद वाणिज्य विभाग के लिए सृजित है I इन 18 पदों में से केवल 10 पद भरे गए हैं, शेष 8 पद रिक्त हैं I गैर शिक्षक पदों में 27 पद सृजित हैं जिनमे से 17 पद भरे गए हैं और 10 पद रिक्त हैं I महाविद्यालय में सृजित, नियमित व रिक्त पदों का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| ➢ | प्राचार्य | 1 | 1 | - |

**शिक्षक वर्ग :**

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| ➢ | अंग्रेजी | 2 | - | 2 |
| ➢ | अर्थशास्त्र | 1 | 1 | - |
| ➢ | इतिहास | 1 | - | 1 |
| ➢ | राजनीति शास्त्र | 1 | 1 | - |
| ➢ | भूगोल | 1 | - | 1 |
| ➢ | हिन्दी | 1 | 1 | - |
| ➢ | संस्कृत | 1 | 1 | - |
| ➢ | समाजशास्त्र | 1 | 1 | - |
| ➢ | शारीरिक शिक्षा | 1 | - | 1 |
| ➢ | संगीत | 1 | 1 | - |
| ➢ | वाणिज्य | 2 | 1 | 1 |
| ➢ | रसायन विज्ञान | 1 | - | 1 |
| ➢ | वनस्पति विज्ञान | 1 | 1 | - |
| ➢ | जंतु विज्ञान | 1 | 1 | - |
| ➢ | गणित | 1 | - | 1 |
| ➢ | भौतिक विज्ञान | 1 | 1 | - |
| | **कुल** | **18** | **10** | **08** |

**गैर शिक्षक वर्ग :**

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| ➢ | अधीक्षक ग्रेड –I | 1 | 1 | - |
| ➢ | अधीक्षक ग्रेड –II | 1 | - | 1 |
| ➢ | वरिष्ठ सहायक | 1 | 1 | - |
| ➢ | लिपिक | 3 | 2 | 1 |
| ➢ | पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | - | 1 |
| ➢ | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 2 | 2 | - |
| ➢ | पुस्तकालय परिचर | 1 | - | 1 |
| ➢ | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 1 | 1 | - |
| ➢ | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 2 | - | 2 |
| ➢ | प्रयोगशाला परिचर | 5 | 5 | - |
| ➢ | स्टोर कीपर | 1 | - | 1 |
| ➢ | रिस्टोरर | 1 | - | 1 |
| ➢ | तबलावादक | 1 | - | 1 |
| ➢ | सेवादार | 6 | 5 | 1 |
| **कुल** | | **27** | **17** | **10** |

## अध्यापक-अभिभावक संघ

किसी भी शिक्षण संस्थान के कार्यवहन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है I इस सन्दर्भ में 19 सितम्बर, 2025 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में महाविद्यालय में अध्यापक-अभिभावक कार्यकारिणी का गठन किया गया I पी० टी० ए० कार्यकारिणी के माध्यम से महाविद्यालय में अनेक छात्र छात्राओं कि सुविधा के लिए कार्यकारिणी का अविस्मरणीय योगदान रहा I इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन सर्वसहमति से किया गया :

| मुख्य सलाहकार | श्री चंदरमणि |
|---|---|
| *अध्यक्षा* | श्रीमती धनेसरू देवी |
| *उपाध्यक्ष* | श्री गुलाब सिंह |
| *सचिव* | श्री बोध राज |
| *सह-सचिव* | श्री लक्ष्मण सिंह |
| *कोषाध्यक्ष* | श्रीमती ललिता देवी |
| *AUDIT समिति* | श्रीमती अमिता, सहायक आचार्या (अर्थशास्त्र) |
| **सदस्य** | ➢ अभिभावक सदस्य श्री गोविन्द, श्री नीलम और श्री संजय कुमार I<br>➢ स्टाफ सदस्यों प्रो कुशाल सिंह, प्रो ओंकार शरण वरेश्वर सिंह और डॉ० यामिनी शर्मा । |

## पूर्व छात्र संघ

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को पूर्व छात्र संघ हिमाचल प्रदेश सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 2006 के अंतर्गत पंजीकृत है। इस संघ का उद्देश्य महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को महाविद्यालय से जुड़े रहने व इसके विकास के लिए अपना स्वैछिक योगदान देना रहता है I जिसमे सत्र 2025-26 के लिए निम्नलिखित कार्यकारिणी का गठन किया गया I

| अध्यक्ष | विजय कुमार |
|---|---|
| *उपाध्यक्ष* | कमल देव |
| *मुख्य-सचिव* | पुष्पा देवी |
| *कोषाध्यक्ष* | गोविन्द राम |
| *कार्यकारिणी सदस्य* | राज कुमार, अमन सागर और सुंदर सिंह |
| *मुख्य सलाहकार* | श्री बोध राज सहायक आचार्य (वाणिज्य) |

## केंद्रीय छात्र संघ

सत्र 2025–26 के लिए राजकीय महाविद्यालय सराज, लंबाथाच में कॉलेज केंद्रीय छात्र संघ (CSCA) के अंतर्गत विभिन्न पदों एवं गतिविधियों हेतु विद्यार्थियों का नामांकन किया गया। इस सत्र में कुशमा देवी को अध्यक्षा, जया कुमारी को उपाध्यक्षा, लिक्शा ठाकुर को महासचिव तथा अविनाश चौहान को संयुक्त सचिव के रूप में नामांकित किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा प्रतिनिधि के रूप में दीया, खेम लता, ललित कुमार, प्रियंशु, जागृति, कुसमा ठाकुर, डिम्पल कुमारी तथा दिवांशु को नामांकित किया गया। विभिन्न क्लबों एवं गतिविधियों के लिए साहिल ठाकुर और रोमा (एनसीसी), होमांशु और पूनम ठाकुर (एनएसएस), गुंजन ठाकुर (रेंजर), नीविता ठाकुर और डेविड ठाकुर (खेल), ज्योति और पिताम्बर कुमार (सांस्कृतिक), पुष्प ठाकुर (ईको क्लब), कीर्ति चौहान (रेड रिबन क्लब) तथा अविनाश (रोड सेफ्टी क्लब) को नामांकित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में दिनांक 26 अक्तूबर, 2024 को केंद्रीय छात्र संघ पदाधिकारियों, कक्षा प्रतिनिधियों तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मनोनीत सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया I

| | |
|---|---|
| **अध्यक्षा** | **कुशमा देवी** |
| ***उपाध्यक्षा*** | जया कुमारी |
| **महासचिव** | लिक्शा ठाकुर |
| **संयुक्त सचिव** | अविनाश चौहान |
| ***कक्षा प्रतिनिधि*** | दीया, खेम लता, ललित कुमार, प्रियंशु, जागृति, कुसमा ठाकुर, डिम्पल कुमारी तथा दिवांशु I |
| ***सदस्य*** | साहिल ठाकुर और रोमा (एनसीसी), होमांशु और पूनम ठाकुर (एनएसएस), गुंजन ठाकुर (रेंजर), नीविता ठाकुर और डेविड ठाकुर (खेल), ज्योति और पिताम्बर कुमार (सांस्कृतिक), पुष्प ठाकुर (ईको क्लब), कीर्ति चौहान (रेड रिबन क्लब) तथा अविनाश (रोड सेफ्टी क्लब) |

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में अभी तक लगभग 5000 पुस्तकें उपलब्ध हैं | इसके अलावा पुस्तकालय में हिंदी तथा अंग्रेजी में दैनिक समाचार पत्रों में “गिरिराज” और “रोजगार समाचार” की व्यवस्था की गयी है I छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने व रोजगार अवसरों की जानकारी के लिए मासिक पत्रिकाओं "प्रतियोगिता दर्पण", “योजना मासिक पत्रिका”, "Competition Success Review" कुरुक्षेत्र, सामान्य दर्पण, JOURNAL में Arthshastra Indian Journal of Economics & Research व Social Science Journal for Advanced Research पत्रिकाओं की व्यवस्था की गयी है I

## पत्रिका

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका “**सराजिका**” विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है I जो अंग्रेजी, हिन्दी,वाणिज्य, विज्ञान, पहाड़ी और योजना प्रबंधन विषय से सुसज्जित है I इस पत्रिका में छात्रों द्वारा सृजित लेखों को प्रकाशित किया जाता है | सत्र 2025-26 के लिए प्राध्यापक वर्ग व् छात्र वर्ग से निम्नलिखित मुख्य संपादक, संपादक व उप-संपादक बनाए गए :

**मुख्य संपादक: श्री रमेश चंद कटारिया**

- अंग्रेजी अनुभाग आचार्या संपादक: डॉ. यामिनी शर्मा
- हिन्दी अनुभाग आचार्य संपादक: श्री. कुशाल सिंह
- संस्कृत अनुभाग आचार्य संपादक डॉ नवल किशोर
- पहाड़ी अनुभाग आचार्य संपादक: डॉ० एल्लू राम
- वाणिज्य अनुभाग आचार्य संपादक: श्री बोध राज
- योजना अनुभाग आचार्या संपादक श्रीमती अमिता
- विज्ञान अनुभाग आचार्य संपादक: डॉ० दलीप सिंह

**संपादक मंडल :**

| क्रम | उप-संपादक | कक्षा | अनुभाग |
|---|---|---|---|
| ➢ | खुश्बू | कला स्नातक तृतीय वर्ष | अंग्रेजी |
| ➢ | धर्मेन्द्रा कुमारी | कला स्नातक तृतीय वर्ष | हिन्दी |
| ➢ | नीरज शर्मा | कला स्नातक तृतीय वर्ष | संस्कृत |
| ➢ | पीताम्बर | कला स्नातक तृतीय वर्ष | पहाड़ी |
| ➢ | सुनीता कुमारी | कला स्नातक तृतीय वर्ष | वाणिज्य |
| ➢ | मनीषा | कला स्नातक तृतीय वर्ष | योजना |
| ➢ | तजेंद्रा कुमारी | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | विज्ञान |

# क्लब एंड सोसाइटी

**एन .सी.सी. :**

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में 24 दिसंबर 2020 को 18 विद्यार्थियों को एनसीसी के प्रथम वर्ष में कैडेट के रूप में भर्ती कर महाविद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ किया गया था I वर्तमान सत्र में 16 कैडेट्स की भर्ती के साथ महाविद्यालय में तीनों वर्षों में कुल कैडेट्स की संख्या 45 हो गई है I डॉ० नवल किशोर की अध्यक्षता में महाविद्यालय में एनसीसी बेहतरीन कार्य कर रही है I सत्र 2025-26 के लिए सीनियर अंडर ऑफिसर भानु प्रिया के नेतृत्त्व में महाविद्यालय में निम्नवत गतिविधियों में भाग लिया :

- दिनांक 14 जून 2025 से 23 जून 2025 तक JNV पंडोह में Annual Training Camp (ATC) आयोजित किया गया। इस कैंप में एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। CDT Sahil Thakur (BA 3rd Year) और CDT Roma Thakur (BA 3rd Year) ने Quiz Competition में Second Position प्राप्त की, जबकि CDT Firoz Kumar (BA 2nd Year) और CDT Chitrika (BA 2nd Year) ने Debate Competition में Second Position प्राप्त की।
- दिनांक 27 अक्टूबर 2025 से 08 नवम्बर 2025 तक पठानकोट (पंजाब) में Army Attachment Camp (SW) आयोजित किया गया। इस कैंप में CQMS Chanrika और CDT Kirti ने भाग लिया। इस दौरान कैडेट्स को सेना के जीवन, अनुशासन तथा सैन्य प्रशिक्षण के बारे में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।
- दिनांक 03 नवम्बर 2025 से 14 नवम्बर 2025 तक पठानकोट (पंजाब) में Army Attachment Camp (SD) आयोजित किया गया। इस कैंप में SGT Sahil Thakur, SGT Gopal Singh, CDT Dimple Chauhan और CDT Pawan Kumar ने भाग लिया।
- दिनांक 03 नवम्बर 2025 से 12 नवम्बर 2025 तक 239 Transit Camp, पंडोह में Annual Training Camp आयोजित किया गया। इस कैंप में कैडेट्स ने खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। CDT Pawan Kumar ने Spoon Race में Second Position प्राप्त की तथा CDT Manisha ने Relay Race में Second Position प्राप्त की I
- दिनांक 05 जनवरी 2026 से 16 जनवरी 2026 तक Alhilal, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) में Army Attachment Camp आयोजित किया गया। इस कैंप में SGT Jeevan Chauhan और CDT David Thakur ने भाग लिया। इस दौरान CDT David Thakur (2nd Year) ने Race Competition में Second Position प्राप्त की।
- दिनांक 12 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 तक Rampur Bushahr (हिमाचल प्रदेश) में All India Trekking Camp आयोजित किया गया। इस कैंप में UO Neeraj Sharma और CDT Navaneet ने भाग लिया। कैंप के सांस्कृतिक कार्यक्रम में UO Neeraj Sharma ने Group Dance में First Position प्राप्त की।

**एनसीसी दिवस का आयोजन:**

28 नवम्बर 2025 को National Cadet Corps (एनसीसी) दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सराज, लम्बाथाच में एनसीसी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड से की गई, जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन और एकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवल किशोर के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी आचार्यगण उपस्थित रहे और उन्होंने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा भाषण, देशभक्ति गीत तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बन गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवल किशोर ने सभी आचार्यगण और कैडेट्स का धन्यवाद किया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**

राजकीय महाविद्यालय सराज में वर्तमान में एनएसएस की एक यूनिट है जिसमे 100 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं | महाविद्यालय में सहायक आचार्य बोध राज एवम सहायक आचार्या डॉ0 यामिनी शर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हैं |

- दिनांक 15 अगस्त को महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम में 25 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम NCC तथा महाविद्यालय के अन्य क्लबों और सोसाइटीज़ के सहयोग से आयोजित किया गया।
- रक्तदान शिविर दिनांक 23 सितम्बर को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 10 स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह शिविर रेड रिबन क्लब, NCC तथा रोवर्स एंड रेंजर्स के सहयोग से आयोजित किया गया।
- वृक्षारोपण कार्यक्रम दिनांक 25 सितम्बर को महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 100 स्वयंसेवकों ने भाग लेकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण तथा हरित वातावरण को बढ़ावा देना था। यह गतिविधि महाविद्यालय के विभिन्न क्लबों और संस्थाओं के सहयोग से आयोजित की गई।
- पीतांबर सुपुत्र श्री ठाकुर दास ने अष्टलक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी, असम में भाग लिया।
- पूनम ठाकुर सुपुत्री श्री देवेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय एकता शिविर में 12 फरवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक भाग लिया जो महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय बद्दी, सोलन में आयोजित किया गया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन इस वर्ष 5 से 11 मार्च तक करवाया गया। जिसमें 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में आपदा से हुए नुकसान के बाद जो नालियां और महाविद्यालय प्रांगण में कुछ मलबा रह गया था उसकी सफाई की।
- महाविद्यालय से समुदाय तक मिशन के अंतर्गत गोद लिए गांव थुनाडी में महिलाओं एवं गांववासियों को आपदा एवं सामाजिक बुराइयों के बारे में जागरूक किया।
- स्वयंसेवियों में शैक्षणिक योग्यता एवं व्यक्तिगत विकास के लिए शैक्षणिक सत्रों में विभिन्न विभूतियों से भी मिलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से वक्ता के रूप में डॉ राखी ढाका जो सहायक आचार्य Development and Childhood Study लेडी इरविन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं दे रही हैं।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डॉ पूजा सतवाना शैक्षणिक सत्र में मुख्य वक्ता रहीं। वे "चिंतन फाउंडेशन ऑफ रिसर्च", दिल्ली में अपनी सेवाएं रिसर्च एसोसिएट के रूप में दे रही हैं। SS कश्यप, Divisional Forest Officer Nachan भी मुख्य वक्ता रहे जो Himachal Pradesh Forest Services के अधिकारी हैं।
- डॉ कीर्ति, जो पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से वनस्पति विज्ञान में पीएचडी हैं, ने शैक्षणिक सत्र में स्वयंसेवियों के साथ अपने विचार साझा किए।
- स्वयंसेवियों में छात्राओं की अधिक संख्या को देखते हुए "चाइल्ड डिवेलपमेंट प्रोग्राम ऑफिस" से पर्यवेक्षक रीना देवी ने स्वयंसेवियों से सरकार की विभिन्न योजनाएं साझा की।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) दिवस का आयोजन:**

एनएसएस स्थापना दिवस (NSS Raising Day) दिनांक 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर NSS के उद्देश्यों, सामाजिक सेवा और स्वयंसेवा की भावना पर चर्चा की गई। इसी दिन थुनाडी गांव को NSS यूनिट द्वारा गोद लिया गया और वहां सामुदायिक विकास कार्य करने का संकल्प लिया गया। भारत में NSS की शुरुआत 24 सितम्बर 1969 को हुई थी, इसलिए हर वर्ष यह दिन NSS दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## रोवर्ज एंड रेंजर्ज (ROVERS & RANGERS)

भारत स्काउट एंड गाइड के सौजन्य से महाविद्यालय में रोवर्स एंड रेंजर्स की इकाई गठित है। महाविद्यालय में सहायक आचार्या अमिता एवं सहायक आचार्य डॉ एल्लू राम भारत स्काउट एंड गाइड कार्यक्रम अधिकारी है | सत्र 2025-2026 में 06 छात्र रोवर्स व 21 छात्राएँ रेंजर्स में पंजीकृत हैं। सत्र 2025–2026 के दौरान जी.सी. सराज लम्बाथाच के रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा की गई गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं

- दिनांक 15 अगस्त 2025 को जी.सी. सराज लम्बाथाच में रोवर्स एवं रेंजर्स ने कॉलेज द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया।
- दिनांक 23 सितम्बर 2025 को संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में जी.सी. सराज लम्बाथाच के रोवर्स और रेंजर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
- दिनांक 26 सितम्बर 2025 को जी.सी. सराज कॉलेज द्वारा आयोजित पौधारोपण अभियान में रोवर्स और रेंजर्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई।
- दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को जी.सी. सराज लम्बाथाच कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (Annual Sports Meet) में रोवर्स और रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा शारीरिक फिटनेस, टीमवर्क और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा दिया।
- दिनांक 19 नवम्बर 2025 को आयोजित नशा मुक्ति अभियान (Drug De-addiction Campaign) में रोवर्स और रेंजर्स ने सक्रिय रूप से भाग लेकर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य किया।
- दिनांक 01 दिसम्बर 2025 को आयोजित विश्व एड्स दिवस (World AIDS Day) जागरूकता कार्यक्रम में रोवर्स और रेंजर्स ने भाग लेकर HIV/AIDS और उसके बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया।

## रेड-रिब्बन क्लब (Red Ribbon Club) :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रेड रिब्बन क्लब इकाई का गठन किया गया जिसमें वर्तमान में 130 छात्र –छात्रायें इसके सदस्य हैं I इस क्लब के नोडल अधिकारी प्रो रमेश चंद कटारिया हैं I इस क्लब का उदेश्य छात्रों में सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है I इस क्लब द्वारा वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई :

- दिनांक 12 अगस्त 2025 अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशा मुक्त एवं एड्स-मुक्त भारत विषय पर नशा मुक्ति प्रतिज्ञा और फ्लैश मोब का आयोजन किया गया।
- दिनांक 23 सितम्बर 2025 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 28 प्रतिभागियों ने रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।\
- दिनांक 13 अक्टूबर 2025 टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दिनांक 20 नवम्बर 2025 एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत TeachAIDS डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया।
- दिनांक 01 दिसम्बर 2025 विश्व एड्स दिवस पर आयोजित गतिविधियाँ: विशेषज्ञ व्याख्यान, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर, स्लोगन और रंगोली प्रतियोगिताएँ, जागरूकता रैली का अयोजन किया गया I
- दिनांक 05 दिसम्बर 2025 स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रेबीज़ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेषज्ञों द्वारा इस घातक रोग की रोकथाम और उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## यूथ रेड क्रॉस क्लब

महाविद्यालय का यूथ रेड क्रॉस क्लब "मानव सेवा, स्वास्थ्य संवर्धन एवं मित्रता" के मूलमंत्र के साथ कार्य करता है। सत्र के दौरान क्लब की विभिन्न गतिविधियाँ महाविद्यालय के प्राचार्य के कुशल निर्देशन तथा नोडल अधिकारी प्रो. रमेश कटारिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। क्लब द्वारा विद्यार्थियों में मानवता, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने हेतु स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। 23 सितम्बर 2025 को आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों, महाविद्यालय के विभिन्न क्लबों तथा स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 28 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में सेवा, करुणा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ किया गया। इन प्रयासों ने यह संदेश दिया कि "मानव सेवा ही सच्ची मानवता है और जागरूक युवा ही संवेदनशील एवं स्वस्थ समाज की मजबूत आधारशिला हैं।"

## ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस क्लब

महाविद्यालय के ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस क्लब द्वारा विद्यार्थियों में नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम महाविद्यालय के गतिशील प्राचार्य के कुशल निर्देशन तथा नोडल अधिकारी प्रो. रमेश कटारिया के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए। 26 जून 2025 को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 12 अगस्त 2025 को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति प्रतिज्ञा एवं फ्लैश मोब का आयोजन किया गया। 29 अक्तूबर 2025 को मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। 19 नवम्बर 2025 को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय से लंबाथाच बाज़ार तक जागरूकता वॉकथॉन रैली निकाली गई। 25 नवम्बर 2025 को विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक एवं लोकगीतों के माध्यम से नशा विरोधी संदेश दिया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में जागरूकता बढ़ी और यह प्रेरक संदेश सुदृढ़ हुआ कि "नशामुक्त युवा ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की सच्ची नींव हैं।"

## इको क्लब :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में इको क्लब का गठन किया गया है जिसमें 50 छात्र –छात्रायें पंजीकृत हैं I इस क्लब का उदेश्य छात्रों में स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है | इको क्लब, सराज लंबाथाच द्वारा दिनांक 25 सितंबर, 2025 को पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण तथा प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ भी आयोजित की गई, जिनसे विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ी।

## रोड सेफ्टी क्लब:

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया है जिसमें 50 छात्र –छात्रायें पंजीकृत हैं | रोड सेफ्टी क्लब ने छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए 2025-26 सत्र के दौरान परिसर में कई गतिविधियों का आयोजन किया है I छात्रों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया I सड़क पर होने वाली मौतों को रोकने और दीर्घायु को बढ़ावा देने के व्यापक लक्ष्य के साथ, दुर्घटनाओं के दौरान दूसरों की सहायता करने के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर जोर दिया गया था Iइस सत्र के दौरान, रोड सेफ्टी क्लब ने कॉलेज समुदाय के भीतर एक विशेष अभियान चलाया I दिनांक 06 मार्च 2026 को राजकीय महाविद्यालय सराज, लम्बाथाच में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में छात्रों भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती जया ठाकुर, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय सराज ने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के महत्व पर छात्रों को सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सड़क पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर कुशाल सिंह ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और सड़क सुरक्षा को लेकर एक मजबूत संदेश दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें शामिल थे: नारा लेखन प्रतियोगिता में दीया ने प्रथम स्थान, रितिका ने द्वितीय और जिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया! पोस्टर प्रतियोगिता मे दीया ने प्रथम, डिम्पल ने द्वितीय और सीमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया! क्विज प्रतियोगिता मे भारती, अनीता, करीना की टीम और नरेंद्र, दीवाशु, भूपेंद्र पॉल ने सयुंक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया, पूनम, सीमा, हिमानी ने द्वितीय स्थान और अविनाश धर्मद्रा कुमारी, ममता की टीम तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम संयोजक ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, और हम सभी को मिलकर इस दिशा में प्रयास करना चाहिए! इस अवसर पर संयोजक ने सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए हार्दिक बधाई दी और कार्यक्रम को सफल बनाने पर अपना हार्दिक आभार प्रकट किया!

## Sensitisation, Prevention and Redressal of Sexual Harassment (SPARSH) CELL:

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में **SPARSH CELL** गठित है जिसका उद्देश्य छात्राओं स्वास्थ्य और स्वच्छता सम्बन्धी विषयों के बारे में जागरूक करना है। सत्र 2025–2026 में जी.सी. सराज लम्बाथाच में SPARSH सेल द्वारा आयोजित गतिविधियाँ का आयोजन किया I

- दिनांक 17 सितंबर 2025 मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम कॉलेज के SPARSH सेल और The Hans Foundation के सहयोग से आयोजित किया गया।
- दिनांक 23 सितंबर 2025 10वाँ आयुर्वेद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेद के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना था। इसे SPARSH सेल द्वारा आयोजित किया गया।
- दिनांक 11 अक्टूबर 2025 बालिका दिवस (Girl Child Day) मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में लड़कियों के महत्व, लैंगिक समानता और बालिकाओं के सशक्तिकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इसे SPARSH सेल द्वारा आयोजित किया गया।
- दिनांक 9 मार्च 2026 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानना और समाज में लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के प्रति सम्मान के बारे में जागरूकता फैलाना था। इसे SPARSH सेल द्वारा आयोजित किया गया।

### करियर मार्गदर्शन, परामर्श एवं प्लेसमेंट सेल :

करियर मार्गदर्शन, परामर्श एवं प्लेसमेंट सेल का मूलमंत्र "सही मार्गदर्शन – उज्ज्वल भविष्य" है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को करियर के विविध अवसरों से अवगत कराने हेतु विभिन्न कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन तथा करियर मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग सेल के संयोजक के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए। 18 नवम्बर 2025 को हिमाचल करियर वीक के अवसर पर Crack Academy के सहयोग से करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात 18 फरवरी 2026 को RAMP परियोजना के अंतर्गत जिला उद्योग केन्द्र, मंडी के सहयोग से उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (EAP) आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्टार्टअप, एमएसएमई योजनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इन कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता की भावना को सुदृढ़ किया तथा यह प्रेरक संदेश दिया कि "सही मार्गदर्शन ही युवाओं को आत्मनिर्भर और सफल भविष्य की ओर अग्रसर करता है।"

## शैक्षणिक गतिविधियाँ

### हिंदी पखवाड़े का आयोजन :

दिनांक 23 सितंबर से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चार दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान भाषण, कविता पाठ, निबंध लेखन, कहानी लेखन और एकल गायन जैसी साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य विक्रम सिंह ठाकुर रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी भाषा के प्रति लगाव राष्ट्र प्रेम का प्रतीक है और हिंदी ने हमेशा भारतीयों को एकता के सूत्र में पिरोया है। प्रतियोगिताओं के परिणामों में भाषण प्रतियोगिता में ललित कुमार ने प्रथम, भारती ने द्वितीय और अविनाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन प्रतियोगिता में पूनम चौहान ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कहानी लेखन प्रतियोगिता में धर्मेंद्र कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक प्रो. कुशल सिंह ने सभी का धन्यवाद किया तथा प्राचार्य ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**संविधान एवं मानवाधिकार दिवस :**

- 26 नवंबर 2025 को विद्यार्थियों में संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—की भावना के विकास हेतु महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए, संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा संवैधानिक प्रतिज्ञा ली। साथ ही विद्यार्थियों और स्टाफ ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रीएम्बल रीडिंग में भी भाग लिया।
- 10 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय के जंतु विज्ञान एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, गीत, कविता एवं भाषण के माध्यम से स्वतंत्रता, समानता, न्याय, बंधुत्व तथा मानव गरिमा जैसे मानवीय मूल्यों का प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान निहरी, सुनाह, बजों, बलैंडा तथा भेखली के महिला मंडलों की 100 से अधिक महिलाओं को 30 जून 2025 की प्राकृतिक आपदा के पश्चात महाविद्यालय की पुनर्स्थापना में दिए गए उनके महत्वपूर्ण एवं निस्वार्थ सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

## खेल-कूद प्रतियोगिता

खेल छात्रों के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों में भाग लेने से शरीर के मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस के विकास में मदद, एक छात्र विभिन्न कौशल, अनुभव और आत्मविश्वास प्राप्त करता है जो उनके व्यक्तित्व के विकास में सहायक होते हैं।

**वार्षिक खेल-कूद संगम :**

राजकीय महाविद्यालय सराज, लंबाथाच में खेल दिवस पर “एक दिवसीय” का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यतः खो-खो, शॉटपुट, ऊँची कूद, लंबी कूद और 100 दौड़ में महिला एवम पुरुष वर्ग ने भाग लिया I मुख्यातिथि श्री विक्रम सिंह ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ सभी खेलों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। एक दिवसीय खेलों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेल के प्रति रुचि पैदा करना तथा खेल के माध्यम से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक विकास से है। इसमें महिला वर्ग से पवना कुमारी और पुरुष वर्ग में डेविड को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुने गये I

**अंतर- महाविद्यालय प्रतियोगिता :**

- सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी हि०-प्र० द्वारा अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस महिला व पुरुष वर्ग का आयोजन राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच में 08-09-2025 से 09-09-2025 तक किया गया I इस प्रतियोगिता में ग्यारह महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया, जिसमे महिला वर्ग में राजकीय महविद्यालय, बंजार व पुरुष वर्ग में सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी प्रथम स्थान प्राप्त किया I
- सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी हि०-प्र० द्वारा अंतर महाविद्यालय खो-खो महिला व पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन रा० महाविद्यालय बासा स्थित गोहर द्वारा किया गया I इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला व पुरुष टीमों ने भाग लिया I जिसमें पुरुष वर्ग ने तृतीय स्थान हासिल किया I इस प्रतियोगिता में डेविड, भुवनेश्वर और ममता देवी का चयन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ I

**स्टील वॉटर रिवर राफ्टिंग प्रतियोगिता**

- दिनांक 21 से 23 नवम्बर 2025 तक गोविन्द सागर, बिलासपुर में आयोजित जल तरंग – जोश महोत्सव के दौरान रिवर राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- राजकीय महाविद्यालय सराज की छात्राओं की टीम ने उत्साह और कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राएं: तृतीय वर्ष: चंद्रिका, रूमा द्वितीय वर्ष: निशा गुलेरिया, पवना, पूनम I इस उपलब्धि ने छात्राओं के साहस, टीमवर्क और प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी को उजागर किया।

**चौदहवीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप**

- दिनांक 6 से 8 जनवरी 2026 तक भोपाल, मध्य प्रदेश के छोटा तालाब में चौदहवीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप आयोजित की गई।
- इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय सराज की तृतीय वर्ष की छात्राएं चंद्रिका एवं रूमा ने हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- इस भागीदारी ने छात्राओं के साहस, टीमवर्क और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में सक्रिय सहभागिता को प्रदर्शित किया

# सांस्कृतिक गतिविधियाँ

## युवा समारोह :

दिनांक 12 से 14 नवम्बर 2025 के मध्य सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी के अधीन राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में Group–1 का युवा समारोह (Youth Festival) आयोजित किया गया। इस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी इस समारोह में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से भाषण (हिंदी) प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय के छात्र ललित कुमार (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह युवा समारोह विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ तथा इससे उनमें आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास हुआ।

## विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद एवं नशा मुक्त भारत अभियान :

दिनांक 20 नवम्बर 2025 को सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी के अंतर्गत, H.P. Legislative Assembly Act 03 of 2022 और UGC Act 1956 Section 2(f) के तहत विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद एवं नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना था। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश ने अपने प्रेरक भाषण से युवाओं में उत्साह और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाई।

कहानी लेखन प्रतियोगिता में पूनम ठाकुर ने उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने में सफल रहा।

## "जश्न-ए-सराज" का भव्य आयोजन :

राजकीय महाविद्यालय सराज, लम्बाथाच में आज केन्द्रीय छात्र संघ द्वारा "जश्न-ए-सराज" नामक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जया ठाकुर रहीं। केन्द्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी ने प्राचार्य सहित महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, युगल गीत तथा युगल नृत्य प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं।
एकल नृत्य प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की लीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तनिषा द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान गीतांजली और कोमल ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि NCC की टीम द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान सामाजिक शास्त्र विभाग को प्राप्त हुआ।
एकल गायन प्रतियोगिता में नरेंद्र (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, निताक्षी द्वितीय स्थान पर रहीं तथा चाँदनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। युगल गीत प्रतियोगिता में चाँदनी और चेतन की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कोमल और ज्योति की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रही।

इसी प्रकार युगल नृत्य प्रतियोगिता में पूनम और रोहिणी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, गीतांजली और नताशा द्वितीय स्थान पर रहीं तथा सुनीता और चेतन ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में पहाड़ी नाटी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम राजनीतिक विभाग , द्वितीय NSS तथा तृतीय स्थान  रोवर्स और रेंजर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरे महाविद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. जया ठाकुर ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को भविष्य में भी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## “महफ़िल-ए-दोस्तां” का आयोजन :

राजकीय महाविद्यालय सराज, लम्बाथाच में पूर्व छात्र संघ (OSA) द्वारा “महफ़िल-ए-दोस्तां” नामक भव्य कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को एक मंच पर एकत्रित करना तथा उनके बीच आपसी संबंधों को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या जया ठाकुर रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष विजय कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल, हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करने के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ के उद्देश्य और महत्त्व पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि OSA का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को एकजुट करना, उनके अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों तक पहुँचाना तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में उनका सहयोग सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। महाविद्यालय के प्रथम बैच के छात्र राज कमल ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

अंत में मुख्य अतिथि ने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि किसी भी संस्थान के लिए उसके पूर्व छात्र उसकी सबसे बड़ी धरोहर होते हैं। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

# शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां

### श्री रमेश चंद कटारिया (सह-आचार्य, जंतु विज्ञान):

- 26–27 सितम्बर 2025 – अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन “Climate Change and Global Water Scarcity” में तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए अकादमिक नेतृत्व का प्रभावशाली प्रदर्शन किया तथा जलवायु परिवर्तन विषयक वैश्विक विमर्श में सक्रिय योगदान दिया।
- 29 दिसम्बर 2025 – 4 जनवरी 2026 – फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम “Harnessing AI Tools” में भाग लेकर एआई आधारित शिक्षण-अधिगम, डिजिटल नवाचार एवं आधुनिक शैक्षणिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग का उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- 8 – 14 जनवरी 2026 – फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम “Environmental Humanities” के माध्यम से पर्यावरणीय चिंतन, मानविकी दृष्टिकोण तथा सतत विकास के बहुआयामी आयामों पर अकादमिक समझ को सुदृढ़ किया।
- 22 – 28 जनवरी 2026 – फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम “AI Tools for Research” में सहभागिता करते हुए शोध कार्यों में एआई उपकरणों के उपयोग, डेटा विश्लेषण तथा नवाचारपूर्ण अनुसंधान पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### डॉ० राजिंदर सिंह तोमर (सहायक आचार्य, संगीत-गायन):

- डॉ० राजेन्द्र तोमर, सहायक आचार्य, संगीत-गायन, को सत्र 2025–2026 के दौरान शंखनाद मीडिया सामाजिक संगठन, नाहन (जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश) द्वारा सुगम संगीत में उनके योगदान के लिए “शंखनाद मीडिया विशिष्ट सम्मान – सिरमौर गौरव-2025” से सम्मानित किया गया, जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।
- 30 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक पं० संतराम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी “Transformative Education for Tomorrow: Bridging Civic Sense, Knowledge, Cultures and Wisdom” में “NEP 2020 and Transformative Learning: Reimagining Education Inclusive and Future-Ready through Holistic Learning in Music” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- 17 दिसंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के रसायन विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी “Interdisciplinary Advances in Chemistry: Innovations for Environment, Energy and Sustainability” में “Bridging Education, Literature and Environmental Awareness through Indian Music” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी, जिला-शिमला के IQAC Cell व राजकीय महाविद्यालय ठियोग, शिमला के सहतत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय (22/12/2025) आनलाईन राष्ट्रीय परिसंवाद , प्रमुख विषय- "Education, Economy and Environment: Intersection for a better Tomorrow" में "Indian Music as a Mean of Promoting Environmental Responsibility" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया ।
- जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडोह (जिला मंडी) में PM SHRI School Programme (CWSN) के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में Resource Person के रूप में सहभागिता की।
- 02 जनवरी 2026 से 08 जनवरी 2026 तक Post Graduate Department of English, Sri Guru Tegh Bahadur Khalsa College, Sri Anandpur Sahib (Punjab) द्वारा Nucleus of Learning and Development के सहयोग से आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय

स्तर के संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में भाग लिया, जिसका विषय था: "Literature, Culture and Universal Human Values: Interdisciplinary Perspectives from the Humanities."

- 22 जनवरी 2026 से 28 जनवरी 2026 तक Research and Development Cell, I.N.M. PG College, Meerut द्वारा Nucleus of Learning and Development के सहयोग से आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर के संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) "AI Tools for Research: Enhancing Academic Productivity and Innovation" में भाग लिया।
- 16 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक के. आर. टी. आर्ट्स, बी. एच. कॉमर्स एवं ए. एम. साइंस कॉलेज (KTHM College), नासिक द्वारा Nucleus of Learning and Development के सहयोग से आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला "अनुभवात्मक शिक्षा, AI एवं डिजिटल टूल्स द्वारा नवरचनापूर्ण पेडागॉजी, शिक्षण एवं शोध" में भाग लिया।
- 23 फरवरी 2026 को डॉ० यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाहन (सिरमौर) द्वारा आयोजित ऑनलाइन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "Himalayan Environmental Issues & Disaster Risk: Multidisciplinary Perspectives" में "लोक परंपराएँ, आस्था स्थल और पर्यावरण संरक्षण: भारतीय सांस्कृतिक दृष्टिकोण" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ० दलीप सिंह (सहायक आचार्य, भौतिक विज्ञान):**

- राजकीय महाविद्यालय डेहर जिला मंडी द्वारा आयोजित एक दिवसीय 08-11-2025 अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (HYBRID MODE) "DISASTER MANAGEMENT: INTERDISIPLINARYAPPROCHES TO RESILIENCE, RECOVERY AND RISK REDUCTION" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया I
- डॉ बाई एस परमार राजकीय सनात्कोतर महाविद्यालय नाहन जिला सिरमौर द्वारा आयोजित एक दिवसीय 23-02-2026 अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "HIMALAYAN ENVIRONMENTAL ISSUES AND DISASTER RISK" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया I

**श्री कुशाल सिंह (सहायक आचार्य, हिंदी विभाग):**

- श्री कुशाल सिंह, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, राजकीय महाविद्यालय सेराज, लांबाथाच, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) ने IOT अकादमी द्वारा आयोजित "एक्सीलेंस इन टीचिंग एंड लर्निंग" विषय पर आयोजित पाँच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) में 06 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक भाग लिया।
- श्री कुशाल सिंह, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, राजकीय महाविद्यालय सेराज, लांबाथाच, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) ने "शिक्षण की कला और विज्ञान: उपकरण, प्रवृत्तियाँ और तकनीकें" विषय पर आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) में 06 अक्टूबर 2025 से 14 अक्टूबर 2025 तक भाग लिया।

**श्री ओंकार शरण वरेश्वर सिंह (सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान):**

- श्री ओंकार शरण वरेश्वर सिंह, सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान ने हिमालयन काउंसिल फॉर साइंटिफिक रिसर्च द्वारा राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग, राजकीय महाविद्यालय बंजार, कुल्लू (हि.प्र.) के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "अनुसंधान पद्धति एवं शैक्षणिक विकास" में दिनांक 11/02/2026 से 18/02/2026 तक भाग लिया।

**श्री बोध राज (सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग):**

- श्री बोध राज, वाणिज्य विभाग, Sardar Patel University, मंडी, हिमाचल प्रदेश ने Malaviya Mission Teacher Training Programme (MM-TTP), University Grants Commission (UGC) के अंतर्गत Tourism, Commerce and Management विषय पर Refresher Course कार्यक्रम में भाग लिया, जिसे MMTTC – Central University of Himachal Pradesh, धर्मशाला द्वारा 09 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया।
- श्री बोध राज, वाणिज्य विभाग ने 23 फरवरी 2026 को डॉ० यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाहन (सिरमौर) द्वारा आयोजित ऑनलाइन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "हिमालय में पर्यावरणीय समस्याएँ और आपदाओं का जोखिम: सतत विकास के लिए परिणाम" विषय पर वर्चुअल शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

**श्रीमती अमिता (सहायक आचार्या, अर्थशास्त्र विभाग):**

- 8 नवंबर 2025 को Govt. Degree College Dehar, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमिता, सहायक प्रोफेसर (अर्थशास्त्र), राजकीय महाविद्यालय सराज, लांबाथाच ने "Caste, Politics and the Political Economy of Disaster: A Study of post-flood Thunag" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ० नवल किशोर (सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग):**

- डॉ. नवल किशोर, सहायक आचार्य (संस्कृत) ने 14 नवंबर 2025 को दिल्ली विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय में विद्यावाचस्पति (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त की ।
- डॉ. नवल किशोर, सहायक आचार्य (संस्कृत), ने 01 से 07 दिसंबर 2025 तक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ से आयोजित सप्तदिवसीय राष्ट्रीय शोध पद्धति कार्यशाला में भाग लिया।
- डॉ. नवल किशोर, सहायक आचार्य (संस्कृत), ने 19 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया तथा "The Concept of Good Governance in Ancient Indian Texts" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें रामायण, महाभारत, अर्थशास्त्र और योग वशिष्ठ का विशेष संदर्भ देते हुए इनके समकालीन महत्व को उजागर किया गया।

**डॉ० यामिनी शर्मा (सहायक आचार्या, समाजशास्त्र विभाग):**

- डॉ० यामिनी शर्मा (सहायक आचार्या, समाजशास्त्र) ने 8 नवंबर 2025 को डिग्री कॉलेज देहर, जिला मंडी में आयोजित कार्यक्रम में "जाति, राजनीति और आपदा की राजनीतिक अर्थव्यवस्था: बाढ़ के बाद थुनाग का एक अध्ययन" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० यामिनी शर्मा (सहायक आचार्या, समाजशास्त्र) ने 21 से 23 फरवरी 2026 तक अमेरिकन कॉलेज, मधुरई, तमिल नाडु में "हाई-एल्टीट्यूड डिवाइड: हिमाचल प्रदेश में डिजिटल एक्सक्लूज़न और एजुकेशनल अनिश्चितता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ० एल्लू राम (सहायक आचार्य, वनस्पति विभाग):**

- डॉ० एल्लू राम (सहायक आचार्य, वनस्पति विभाग) ने 23 फरवरी 2026 को गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, नाहन द्वारा हिमालयी पर्यावरण मुद्दे और आपदा जोखिम पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "हिमालय में आपदा जोखिम के जैव संकेतक के रूप में कवक" शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## चुनौतियाँ

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, किन्तु इस प्रगति के मार्ग में कई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ भी हैं। महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, फिर भी कुछ बाधाएँ अनिवार्य रूप से सामने आती रहती हैं। महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश के एक दूरस्थ तथा अत्यधिक ठंडे क्षेत्र में स्थित है। मध्य अक्टूबर से मध्य मार्च तक यहाँ का तापमान अत्यंत निम्न स्तर पर रहता है और परिसर में पर्याप्त धूप का अभाव रहता है, जिससे ठंड का प्रभाव और अधिक बढ़ जाता है। शीतकालीन महीनों में कभी-कभी प्राकृतिक आपदाओं के कारण सड़क संपर्क भी बाधित हो जाता है, जिसके कारण विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय तक पहुँचना कठिन हो जाता है। कई बार प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण विद्यार्थी अस्वस्थ भी हो जाते हैं। शिक्षण स्टाफ की कमी भी एक गंभीर चुनौती है। स्वीकृत 18 पदों में से 08 पद अभी भी रिक्त हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। पिछले वर्ष कुछ रिक्त पदों पर नई नियुक्तियाँ हुई, जिससे स्थिति में कुछ सुधार अवश्य हुआ है, परंतु शेष रिक्त पदों को भरना अभी भी अत्यंत आवश्यक है।

महाविद्यालय में विज्ञान भवन का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है, जिसके कारण विज्ञान विषयों में प्रयोगात्मक शिक्षा तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रभावित हो रहे हैं। यह स्थिति विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास और कौशल निर्माण में बाधा उत्पन्न करती है। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय परिसर में एक खड्ड स्थित है, जिसमें निरंतर पानी बहता रहता है। बाउंड्री वॉल के अभाव में बाढ़ तथा दुर्घटना का खतरा बना रहता है, जो सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय है। इसके बावजूद, महाविद्यालय में हॉस्टल की सुविधा भी नहीं है, जिससे दूरदराज के छात्रों को आवास संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

दूरदराज से आने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए कोई आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण कठिन परिस्थितियों में उनके लिए कार्य करना तथा महाविद्यालय में स्थायी रूप से योगदान देना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इन सभी परिस्थितियों के बावजूद, हमारे शिक्षकगण और छात्रगण कठिन हालात में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। महाविद्यालय प्रबंधन इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, सुविधा तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# भविष्य की संभावनाएँ और उद्देश्य

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय का लक्ष्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सशक्त बनाना है।

## 1. छात्रावास निर्माण

- महाविद्यालय की भविष्य की दिशा में छात्रावास निर्माण एक प्रमुख उद्देश्य है। यह कदम विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, आरामदायक और प्रेरक आवास सुनिश्चित करेगा।
- अध्ययन और सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करना। दूरदराज से आने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को सुलभ और समावेशी बनाना।
- छात्रावास न केवल आवासीय सुविधा देगा, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास का केन्द्र भी बनेगा।

## 2. अकादमिक उत्कृष्टता

- पाठ्यक्रमों का विस्तार और स्नातक व स्नातकोत्तर शिक्षा के अवसर।
- शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए शोध केंद्रों की स्थापना।
- स्मार्ट कक्षाओं और ई-लर्निंग संसाधनों का विकास।
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ और सेमिनार।

## 3. बुनियादी ढांचा विकास

- आधुनिक प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय और डिजिटल संसाधन।
- महाविद्यालय परिसर में हरित पहल, वृक्षारोपण और सौर ऊर्जा का प्रयोग।
- खेल और सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों के लिए सुविधाओं का उन्नयन।

## 4. विद्यार्थी विकास और कौशल संवर्धन

- व्यक्तित्व विकास और करियर मार्गदर्शन के लिए प्रशिक्षण और परामर्श सत्र।
- नवाचार और स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने हेतु इनक्यूबेशन सेंटर।
- रोजगारपरक पाठ्यक्रम और इंडस्ट्री-अकादमिक सहयोग के अवसर।

## 5. सामाजिक और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व

- एनएसएस और एनसीसी गतिविधियों का सशक्तिकरण।
- महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के लिए अभियान।
- स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर सक्रिय योगदान।

## 6. डिजिटल और तकनीकी विकास

- ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली और डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग।

# आभार

इससे पहले कि मैं अपनी वाणी को विराम दूँ, मैं अंतर्मन की गहराइयों से एक बार फिर माननीया मुख्य अतिथि महोदया प्रो. अनुपमा सिंह जी (पूर्व कुलपति, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी) का इस समारोह में पधारने पर हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

महोदया, आपने अपनी अनगिनत व्यस्तताओं के बावजूद अपना बहुमूल्य समय हमारे विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु दिया और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर हमें अनुगृहीत किया। उच्च शिक्षा के शीर्ष पदों को सुशोभित करने के पश्चात्, जिस प्रकार आप आज समाज के जमीनी स्तर पर—विशेषकर महिला सशक्तिकरण और युवा विकास के लिए—अपना जीवन समर्पित कर रही हैं, उसने हमारे छात्र-छात्राओं के सम्मुख एक महान आदर्श प्रस्तुत किया है। आपकी उपस्थिति निश्चित रूप से इस सभागार में एक नई चेतना और उत्साह का संचार किया है।

मैं इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों, मीडिया जगत के मित्रों एवं अन्य सभी विशिष्ट अतिथियों का भी सहृदय धन्यवाद करती हूँ, जिन्होंने सदैव हमें अपना पूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया है।

इस भव्य कार्यक्रम की सफलता एक सामूहिक पुरुषार्थ का परिणाम है। अत:, मैं महाविद्यालय के ऊर्जावान विद्यार्थियों, केन्द्रीय छात्र परिषद (SCA)के सदस्यों, पी.टी.ए. (PTA) एवं ओ.एस.ए. (OSA) के सम्मानित प्रधान व कार्यकारिणी सदस्यों, सभी अभिभावकों, हमारे कर्मठ आचार्यवृंद एवं समस्त गैर-शिक्षक कर्मचारियों का हार्दिक धन्यवाद करती हूँ। आप सभी के अथक् परिश्रम और निष्ठापूर्ण योगदान के बिना यह आयोजन इस स्वरूप में संभव नहीं था।

अंत में, मैं समस्त पुरस्कार विजेताओं को उनकी इस उपलब्धि पर ढेरों बधाई देती हूँ और विशेष रूप से हमारे तृतीय वर्ष (Final Year) के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ। आप जीवन के जिस भी पथ पर अग्रसर हों, इस महाविद्यालय के मूल्यों और आज प्राप्त इस प्रेरणा को सदैव अपने साथ रखिएगा।

मैं निम्न पंक्तियों के माध्यम से अपनी वाणी को विराम दूंगी-

**"जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना,**
**अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए।**
**नई ज्योति के धर नए पंख झिलमिल,**
**उड़ें मर्त्य मिट्टी गगन स्वर्ग छू ले,**
**लगे रोशनी की झड़ी इस तरह कि,**
**निशा का कहीं भी पता रह न जाए।**
**जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना,**
**अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए।"**


**"जय हिंद"**

**जया ठाकुर**
**प्राचार्या**
**राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)**



# वार्षिक प्रतिवेदन समिति:

- प्रो. कुशाल सिंह (समन्वयक)
- डॉ. नवल किशोर (सदस्य)
- श्री. विजय कुमार (सदस्य)




: gcseraj-hp@nic.in : www.gcseraj.ac.in